एक नजर

महापौर ने ताप्ती जलावर्धन योजना की विलंबित प्रगति पर जताई चिंता, आयुक्त को त्वरित सुधार के निर्देश

बुरहानपुर। दिनांक 15 अक्टूबर कृ ताप्ती जलावर्धन योजना के क्रियान्वयन में हो रहे विलंब एवं कमियों के कारण नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रही है। इस स्थिति को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने आयुक्त नगर निगम श्री संदीप श्रीवास्तव से चर्चा कर समस्या के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने निर्देशित किया कि नगर में पूर्व में प्रचलित परंपरागत जल प्रदाय व्यवस्था को पुन: सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए तथा जिन वार्डों से नागरिकों एवं माननीय पार्षदों द्वारा शिकायतें प्राप्त हो रही हैंए उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए। महापौर श्रीमती पटेल ने इस तथ्य पर भी बल दिया कि इस वर्ष नगरीय क्षेत्र में मात्र लगभग 25 इंच वर्षा हुई हैए जिसके चलते आगामी महीनों में भूमिगत जल स्तर में कमी आने की संभावना है। अत: ग्रीष्म ऋतु के लिए व्यवहारिक एवं कारगर कार्ययोजना अभी से तैयार की जाएए जिससे नागरिकों को जल संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने पार्षदों एवं नागरिकों से भी सहयोग का आग्रह किया हैए ताकि निगम प्रशासन को सुचारू एवं समान जल वितरण व्यवस्था बनाए रखने में सहायता मिल सके।

राजेन्द्र सलूजा की बहन किरण अरोरा का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

बुरहानपुर। श्रीमती किरण अरोरा धर्मपत्नी बिहारीलाल पंजाबी ,राजेंद्र सलूजा एवम महेश सलूजा की बहन, दुष्यंत अरोरा की माता जी एवम आदित्य अरोरा की दादी,अनुराग सलूजा,अमित सलूजा ,अनीश सलूजा ,गौरव सलूजा ,शैलू बतरा एवं दीपक सलूजा की भुआ जी का बुधवार को सायं दु:खद देहावसान हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 अक्टुबर 2025 गुरूवार का सुबह11.30 बज , सुभाष नगर, आदर्श कॉलोनी, लाल बाग रोड बुरहानपुर से सिंधी बस्ती शमशान घाट जाएगी।

तहसील अधिवक्ताओं की हर समस्या में संघ उनके साथ रहेगा : सत्यनारायण वाघ

बुरहानपुर। तहसील में कार्यरत सभी अधिवक्ता बंधु हमारी जिला अधिवक्ता संघ बुरहानपुर का अभिन्न अंग है और उनकी हर समस्या के लिए मेरे सहित नवनिर्वाचित संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य आपके साथ रहेंगे। उक्त उदगार जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण वाघ ने बीती शाम तहसील अधिवक्ता संघ परिसर में उनके सम्मान में आयोजित है अभिनंदन समारोह में समस्त अधिवक्ता बंधुओं को संबोधित करते हुए कहीं ।इस अवसर पर दूसरी बार निर्वाचित हुए सचिव वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष देवताले ने कहा कि तहसील के अधिवक्ताओं की अपनी अलग.अलग समस्याएं रहती हैं,उन्हें अधिकांश रूप से तहसीलदार अनुभागीय अधिकारी अपर कलेक्टर और कलेक्टर न्यायालय में पैरवी करना होती है।अधिवक्ता के रूप में सदैव उनहे सम्मान मिले, दलाली प्रथा समाप्त हो और प्रत्येक राजस्व न्यायालय में अधिवक्ता को सम्मान के साथ सुना जाएएइस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर तहसील में कार्यरत अधिवक्ता सुशील चौहान,लखन ठाकुर,जयंत चौधरी, दिनकर इंगले ने अध्यक्ष और सचिव के साथ.साथ निर्विरोध निर्वाचित कोषाध्यक्ष घनश्याम शाह,निर्वाचित उपाध्यक्ष विजय मेढ़े,सह.सचिव निखिल खंडेलवाल, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मोइज मोटरवाला का भी पुष्पहार से स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर अधिवक्ता कैलाश भोयटे,राजकुमार वाघ, सुधीर मिसाल, तबरेज़ खान, मुकेश मोरे , कृपालसिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सी.एल.माहले सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे।

प्रेक्षक पीके वर्मा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कार्यों का किया अवलोकन

शाहपुर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिये नियुक्त प्रेक्षक पी.के.वर्मा ने मंगलवार को नगर परिषद शाहपुर अंतर्गत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा.आपत्ति केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री दयाराम अवास्या सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रेक्षक श्री वर्मा ने कार्यों का अवलोकन करते हुये आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। उन्होंने मतदाता सूची कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की। विदित है कि नगर परिषद शाहपुर की मतदाता सूचियों का प्रकाशन संबंधित मतदान केंद्रों पर 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इस दौरान प्रेक्षक श्री वर्मा ने नागरिकों से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का लाभ लेने का आव्हान किया। उन्होंने कहा किए जिन नागरिकों की आयु 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी हैए वे अपना नाम सूची में जोड़ने हेतु आवेदन करें, जिन नागरिकों के नाम, पता,फोटो आदि में सुधार या विलोपन आवश्यक हैए वे अपने वार्ड के मतदान केंद्र पर उपस्थित बी.एलए.ओ.से संपर्क कर सकते है,यह कार्य 17 अक्टूबर तक संबंधित मतदान केंद्रों पर किया जा रहा है।मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर मतदान का अधिकार सुरक्षित करें।

गैर पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दवाइयों का विक्रय करने पर फॉर्मेसी एक्ट के तहत होगी कानूनी कार्रवाई

बुरहानपुर। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार औषधी निरीक्षक बुरहानपुर द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंधित तथा अवमानक औषधियों की उपलब्धता तथा फार्मासिस्ट की उपस्थिति के संबंध में जांच की गयी। औषधी निरीक्षक द्वारा दर्यापुर में योगिराज मेडिकल, श्री लक्ष्मीधाम फार्मेसी,श्री सांई मेडिकल तथा ग्राम सिरपुर में आरोही मेडिकल, शुभम मेडिकल, चौहान मेडिकल,धैर्य फार्मेसी पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया।

इस दौरान सभी मेडिकल दुकानों पर फार्मासिस्ट उपस्थित रहे, वहीं स्टॉक की जांच करने पर कोई अवमानक या प्रतिबंधित फिक्स डोज कॉम्बिनेशन की दवाई नहीं पायी गई। सभी फार्मासिस्ट को निर्देशित किया गया कि आरएमपी डॉक्टर के पर्चे पर ही शेड्यूल दवाईयों का विक्रय करे एवं खरीद बिक्री के बिल व्यवस्थित रखें।

भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ इंदौर-इच्छापुर फोरलेन मार्ग से धार्मिक स्थल को हटाया

बुरहानपुर सहित 6 जिलों के 500 जवानों की सुरक्षा में चला शांतिपूर्ण अभियान, कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी रहे मौजूद



नव भारत न्यूज,

बुरहानपुर। इंदौर- इच्छापुर मार्ग पर थाना गणपती से लगाकर शिकरपुरा थाना क्षेत्र के मध्य लगभ्र एक दर्जन से अधिक धार्मीक स्थल इस मार्ग के चौडीकरण में बाधक बने हुवें थे, जिन्हे हटाए जाने को लेकर कई वर्षो से सर्वसम्मती बनाए जाने के प्रयासों को आज पुर्ण विराम मिला। उपरोक्त धार्मिक स्थलों को ससम्मान हटाने का प्रशासनिक अभियान बुधवार सुबह 6 बजे से पूरे सम्मान और अनुशासन के साथ शुरू हुआ। प्रशासन के इस कदम को आमजन का जबरदस्त समर्थन मिला। सबसे खास बात किसी तरह का विरोध नहीं ,बल्कि लोग खुद आगे बढ़कर सहयोग करते नजर आए। इस कार्रवाइ को लेकर शहरवासीयों ने जिला ,पुलिस एंव स्थानीय प्रशासन की खुलकर प्रशंसा की।

बतादे कि सुबह 6 बजे से ही प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड में आ गया। हाईवे पर सुरक्षा के लिहाज से 500 से अधिक पुलिसकर्मी,अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए। वहीं,15 से अधिक धार्मिक स्थल जो फोरलेन के बीच आ रहे थे, उन्हें पूरी श्रद्धा और विधि.विधान से ससम्मान हटाया गया। साथ ही मार्ग में बाधक वृक्षो को भी हटाए जाने से अब आवागमन सहज और सुलभ दिखाई देने लगा है।

विकास में नहीं बनेगी आस्था बाधक : फोरलेन निर्माण में शिकारपुरा थाने से लेकर गणपति नाका तक 12 मंदिर और मजारें रास्ते में आ रही थीं। जिला प्रशासन ने पहले ही इन स्थलों की पहचान कर संबंधित समितियों और लोगों से संवाद किया था। अभियान की शुरुआत में कलेक्टर हर्ष सिंहए एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदारए एडीएम वीर सिंह चौहानए एएसपी एण्एसण् कनेश और सीएसपी गौरव पाटील स्वयं मौके पर मौजूद रहे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने बताया यह अभियान किसी आस्था को ठेस पहुँचाने के लिए नहींए बल्कि विकास को गति देने के लिए है। जनता ने प्रशासन का जो सहयोग किया हैए वह प्रेरणादायक है।

भारी सुरक्षा, लेकिन शांति बनी रही: अभियान के दौरान किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए प्रशासन ने चाक.चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रखी। आसपास के इलाकों से 300 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। बड़े वाहनों का प्रवेश अस्थायी रूप से रोक दिया गया। हर स्थल पर पुलिस अधिकारीए निगम अमला और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एएसपी एण्एसण् कनेश ने कहा धार्मिक स्थलों को फोरलेन से हटाने के लिए 500 से अधिक बल लगा है। जनता का सहयोग उल्लेखनीय है। सभी स्थल सम्मानपूर्वक हटाए जा रहे हैं।

पेड़ों और अवैध निर्माणों को भी हटाया जा रहा : फोरलेन के रास्ते में आने वाले पेड़ों और अन्य निर्माणों को भी सावधानीपूर्वक हटाया जा रहा है। एडीएम वीर सिंह चौहान ने बताया कि आमजन की उपस्थिति और सहयोग से पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है।किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावना को ठेस न पहुँचे, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

हिन्दू महासभा ने जताया आभार : अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय सह.संगठन मंत्री दिनेश सुगंधी एवं प्रदेश प्रवक्ता ओम आज़ाद ने प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा नगर निगम प्रशासन ने विकास में बाधक मंदिर.मजारों के अतिक्रमण हटाने की जो पहल की हैए वह सराहनीय है। जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन का अभिनंदन एवं साधुवाद। उन्होंने कहा कि यह अभियान यह साबित करता है कि जब प्रशासन और जनता साथ होंए तो विकास में कोई बाधा नहीं रह सकती।

शांतिपूर्वक अभियान बना मिसाल : बुरहानपुर का यह अभियान प्रशासनिक दृष्टि से तो सफल रहा हीए लेकिन जनसहयोग की मिसाल भी बन गया। धार्मिक आस्था के प्रति सम्मान और विकास के प्रति प्रतिबद्धता,दोनों को संतुलित करते हुए यह प्रयास आगे आने वाले समय में अन्य जिलों के लिए उदाहरण साबित होगा।

विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

नव भारत न्यूज,

बुरहानपुर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मंगलवार को नसीराबाद ,निम्ना, बोरसल, रतागढ़ के विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकारए गुड.टच बेड टचए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियमए नालसा हेल्पलाईन के बारें में जानकारी दी गयी। इस दौरान विद्यार्थियों को मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारें में भी विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। विदित है कि जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी जानकारी को जन.जन तक पहुँचाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम मेंए प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर आम नागरिकों एवं स्कूली विद्यार्थियों को कानूनी जानकारियों और अधिकारों से अवगत कराया जा रहा है।

नाले के कीचड़ में पार्षद प्रतिनिधि ने लगाई लौट, बोले- हो रहा भ्रष्टाचार

4 साल से बन रहा 5 वार्डों को जोड़ने वाला नाला, पेटी कांट्रेक्टरों के हवाले काम, फिर जांच की मांग उठी

नवभारत न्यूज, नेपानगर। नगर के वार्ड नंबर 19.20 में 4 करोड़ की लागत से बन रहे नाले का काम अब तक अधूरा है। यह नाला 5 वार्डों को जोड़ने के लिए बनाया जा रहा हैए लेकिन शुरूआत से ही विवादों में है। अब यहां वार्ड नंबर 20 एमजी नगर की पार्षद श्रावण्या मल्हना के पति व प्रतिनिधि पंकज मल्हना ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन कर सभी को चौंका दिया।

दरअसल पार्षद प्रतिनिधि का आरोप है कि नाले के निर्माण में बिना डीएलसी किए ही काम कराया जा रहा है। नाले में बारिश का कीचड़, गंदगी आदि है,लेकिन इसके बाद भी इसका निर्माण घटिया तरीके से हो रहा है। शिकायत के बाद भी न तो नगर पालिका सीएमओ मोहन सिंह अलावा ध्यान दे रहे हैं न ही नपा इंजीनियरों का ध्यान है। इसके विरोध स्वरूप मंगलवार दोपहर पार्षद प्रतिनिधि निर्माणाधीन नाले

में पहुंचे और कीचड़ में ही लौट लगाकर अनोखे तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा.नाला एसडी आरएफ योजना से 4 करोड़ की लागत से बन रहा हैए लेकिन कीचड़ में डीएलसी डल रही है। घटिया निर्माण हो रहा है। इसे लेकर कई बार सीएमओ को पत्र दिएए लेकिन इस तरफध्यान नहीं दिया जा रहा है। मामले की जांच कराएंगे। जनता का करोड़ों रूपया बर्बाद किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील को स्थिति से अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा आप अपने स्तर पर देख लो। खास बात यह है कि इसका काम जिस ठेकेदार को दिया गया है उसने भी यह काम पेटी कांट्रेक्ट पर दे दिया है। नपा में अधिकांश काम इसी तरह हो रहे हैं। कुछ ठेकेदार काम ले लेते हैं और बाद मे उसे पेटी कांट्रेक्ट पर दे दिया जाता है।

शुरूआत में ही फेल हो गई थी ड्राइंग डिजाइन : 4 साल पहले जब इस नाले का निर्माण कार्य शुरू किया गया था तब भी इंदौर से आए अफसरों ने इसकी ड्राइंग डिजाइन ही फेल कर दी थी। बाद में पूरे मामले की लीपापोती कर दी गई और काम चालू हो गया। इसके बाद एक बार और अफसर जांच के लिए आए। रिपोर्ट बनाकर ले गए और जांच की बात कहीए लेकिन कुछ नहीं हुआ। कुछ दिन पहले भी इसी तरह इंदौर से अफसर आए थेए लेकिन जांच के नाम पर केवल लीपापोती करके चले गए।

5 वार्डों को जोड़ने के लिए बन रहा नाला : नगर के पांच वार्डों को जोड़ने के लिए नाले का निर्माण हो रहा है। यह काम एसडीआरएफ योजना के तहत हो रहा है। 4 करोड़ की लागत से बनने वाले इस नाले का निर्माण दो साल पहले ही पूर्ण हो जाना चाहिए थाए लेकिन हर बार देरी पर देरी की जा रही है। कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई बार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत हो चुकी है। अब खुद कांग्रेस की ही परिषद में कांग्रेस के पार्षद प्रतिनिधि इसके विरोध में उतर आए हैं।

सेवा सदन प्रबंधन महाविद्यालय में डॉ . एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर इनोवेशन डे आयोजित

नव भारत न्यूज,

बुरहानपुर। देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्मदिवस के अवसर पर, सेवासदन प्रबंधन महाविद्यालय, बुरहानपुर ने इनोवेषन-डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन के छात्रों को साधारण विचारों को बड़े कार्यों में बदलने और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्टार्टअप्स तथा व्यवसायों के लिए अभिनव विचारों पर प्रेरित करने हेतु एक विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पीएमएफएमई से श्री एस.आर. चौहान (उप निदेशक उद्यानिकी, बुरहानपुर) और मनोज राजपूत (पीएमएफएमई जिला संसाधन व्यक्ति, बुरहानपुर) रहे। श्री चौहान और श्री राजपूत ने प्रबंधन के छात्रों को नवाचार के महत्व को समझाते हुए बताया कि किस प्रकार वे अपने छोटे से आइडिया को बड़े एक्शन में बदल सकते हैं, विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्टार्टअप और नए व्यापार के अवसरों के संबंध में।

सेवासदन महाविद्यालय के प्रो. भरत रावल ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन की उपलब्धियों और उनके सादगीपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बताया कि वे कलाम साहब के जीवन से कैसे सीख ले सकते हैं और चुनौतियों का सामना कैसे कर सकते हैं। प्रबंधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल राठौर ने छात्रों को उनके सपनों को साकार करने के लिए अभिनव विचारों की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि डॉ. कलाम का जीवन स्वयं में एक प्रेरणा है। सेवा सदन प्रबंधन महाविद्यालय ने इस सरल लेकिन प्रेरणादायक तरीके से डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्म दिवस को इनोवेषन-डे के रूप में मनाया, जिसका उद्देश्य छात्रों को उनके सपनों को हासिल करने के लिए प्रेरित करना था।

उक्त कार्यक्रम की सफलता पर सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल ने सराहना की। इस अवसर पर सेवासदन महा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीष पटेल, डॉ. शिवानी मेहरा, प्रो. शैलेंद्र सिकरवार और डॉ. धनराज पाटिल, प्रबंधन महाविद्यालयीन स्टाफ सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सपुल संचालन प्रो. कल्याणी पाटिल ने किया।

खाद्य दुकानों से मावा,जलेबी एवं नमकीन के नमूने लिए, तीन किलो गुलाब जामुन को कराया नष्ट

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । त्यौहारों के मद्देनजर जिले में विभिन्न खाद्य सामग्री विक्रय करने वाली दुकानों की जांच की जा रही हैं इसी कड़ी में बुधवार को गोपाल फूड प्रोडक्ट से तेल एवं नमकीन का नमूनाए मिलन मिठाई मंडी बाजार से ड्राई फ्रूड,मिठाई और पेडा, गीता स्वीट्स शनवारा से पेडा, बुरहानपुर मावा जलेबी एवं नमकीन सेंटर से बंगाली मिठाई तथा बुरहानपुर जलेबी मंडी बाजार से दिल्ली दरबार मावा मिठाई के नमूने लेकर जांच हेतु भोपाल भेजे गये। कार्यवाही के दौरान करीबन 3 किलो के गुलाबजामुन नष्ट कराये गये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच में अगर कोई नमूना अवमानक पाया जाता हैए तो संबंधित के विरुद्ध प्रकरण प्रस्तुत कर पेनाल्टी की कार्यवाही की जाएगी।विदित है किए कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही दुकानों की सतत् निगरानी भी जारी हैए ताकि आमजन को गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ मिल सके।

एक नजर

लालबाग से शनिवारा मार्ग स्थित डिवाईडर पर 50 लाख की लागत से होगा रैलिंग निर्माण...

विधायक के प्रयासों से बुरहानपुर को मिला 2 .94 करोड़ का विकास पैकेज

नव भारत न्यूज,

बुरहानपुर । क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के निरंतर प्रयासों से बुरहानपुर को एक बड़ी सौगात मिली है। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने विधायक विशेष निधि से वित्तीय वर्ष 2025.26 अंतर्गत बुरहानपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों और अधो संरचना के विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 94 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। नगर निगम बुरहानपुर के विभिन्न वार्डों में सड़कों, नालियों एवं सामुदायिक भवनों सहित इत्यादि निर्माण कार्य शामिल है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयत्नशील हूं। जहां शहरी क्षेत्र के विकास कार्यों को विकास कार्य के लिए स्वीकृति जारी की जा रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से विकास के कार्य हो रहे है। क्षेत्र की तरक्की और उन्नति के लिए अपनी कटिबद्धता दोहराते हुए क्षेत्र की जनता के हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव जी की डबल इंजन की भाजपा सरकार है, जिससे विकास की गति और तेज हुई है। आगामी समय में भी विकास के ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे, जिससे बुरहानपुर को स्वच्छ, सुंदर और सशक्त नगर के रूप में विकसित किया जा सके। स्वीकृति पर श्रीमती चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन व आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं क्षेत्रवासियों ने श्रीमती चिटनिस द्वारा दी गई सौगात के लिए धन्यवाद देते हुए उनका स्वागत.अभिनंदन किया।

जनता में खुशी की लहर:- स्वीकृति पर जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और नागरिकों ने विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बुरहानपुर में अभूतपूर्व विकास कार्य

हो रहे हैं। शहर की सड़कों, नालियों और बिजली व्यवस्था में सुधार के साथ.साथ धार्मिक स्थलों और सामुदायिक भवनों का भी कायाकल्प होगा। विधायक अर्चना दीदी के नेतृत्व में यह निधि बुरहानपुर के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी।

शहर के वार्डों में निखरेगा बुनियादी ढांचा :-श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि नगर निगम बुरहानपुर अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचनाए सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं रहवासियों द्वारा समय.समय पर मांग की जाती रही है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न वार्डों में 2 करोड़ 94 लाख रूपए के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा शहर के विकास को नई गति मिलेगी। वार्ड क्रमांक 01 में संतोष शिंदे के घर के पास डोम निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 03 शिकारपुरा में कश्मीरा टेक्सटाईल्स के पास से पीएचई ग्राउंड तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 03 में ही कमलेश बारी के घर से जीतू मोरे के घर तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 05 प्रतापपुरा भोई वाड़ा में सभा मंडप निर्माण कार्य व सुदामा नगर में सभा मंडप निर्माण, वार्ड क्रमांक 08 डॉ.अम्बेडकर वार्ड में हाकम शाह दरगाह तक निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 11 शास्त्री चौक वार्ड में प्राचीन शीतला माता मंदिर के पास सौंदर्यीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण तथा मालीवाड़ा गली में प्राचीन हनुमान मंदिर के पास सौंदर्यीकरण व सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्रमांक 22 मालीवाड़ा में गुलशन के घर के पास सामुदायिक भवन एवं उपकरण हेतुए वार्ड क्रमांक 35 राजपुरा में रामू राठौर के घर के पास सभा मंडप निर्माण, वार्ड क्रमांक 36 डाकवाड़ी में राजेश सोनवणे के निवास के पास सामुदायिक भवन एवं रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 38 रास्तीपुरा में श्री राम मंदिर के पास टीन शेड निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 42 रूईकर वार्ड के बैंक कॉलोनी एवं ज्योति नगर में रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 20 सिंधीपुरा पुरोन पोस्ट ऑफिस से राजू पानवाले के घर तक मार्ग निर्माण, वार्ड क्रमांक 18 सरदार पटेल वार्ड में सचिन नंदे के घर से खैरखानी तक सडत्रक निर्माण,वार्ड क्रमांक 44 मिल एरिया में विजय शेवाड़े के घर से धोडुंराम गौड़ के घर तक पेवर ब्लॉक निर्माण, वार्ड क्रमांक 45 गुलाबगंज वार्ड स्थित आई तुलजा भवानी मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण,वार्ड क्रमांक 19 इतवारा गेट से नागझीरी घाट तक सीसी रोड निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 20 में व्यायाम शाला में जीम सामाग्री सहित इत्यादि कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने पर नागरिकों को आवागमन में सुविधाए स्वच्छता में सुधार और नगर के सौंदर्यीकरण में वृद्धि होगी।

लालबाग से शनवारा मार्ग स्थित डिवाईडर पर 50 लाख की लागत से होगा रैलिंग निर्माण:- श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि शनवारा चौराहे से लालबाग चौराहा तक मार्ग अतिव्यस्त मार्ग है। लालबाग रेलवे स्टेशन रोड होने के साथ.साथ बड़ी आबादी इस रोड से आवागमन करती है। मार्ग के मध्य स्थित डिवाईडर पर रैलिंग नहीं होने के कारण मार्ग से मवेशियों का विचरण बना रहता हैए जिसके कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही थी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए शनवारा चौराहे से लालबाग चौराहा तक मार्ग के मध्य स्थित डिवाईडर पर रैलिंग का निर्माण किया जाना अत्यंत जरूरी हो गया था। तत्काल शासन को प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया गयाए जिसके बाद शासन से विधायक विशेष निधि से उक्त कार्य हेतु 50 लाख रूपए की स्वीकृति मिल गई है। अब मार्ग के मध्य स्थित डिवाईडर पर रैलिंग का निर्माण होने से दुर्घटनाओं में कमी आ सकेंगी।